# INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

| Class: VIII | Department: Hindi (2nd Lang.) | Date of submission: |
|---|---|---|
| Worksheet no.7 | Topic: अर्थ ग्रहण | Note: Please file in portfolio. |

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उचित विकल्प चुनिए - **5 marks**

ए टी एम से पैसे निकालते समय अपना पिन याद करके जाओ। किसी अनजान व्यक्ति के सामने वह पिन मशीन में फीड मत करो, न उसके सामने पैसे निकालो। पिन याद न होने की स्थिति में कई बार गलत नंबर फीड कर दिया जाता है। ऐसी स्थिति में मशीन का कैंसिल या नो ऑप्शन बटन प्रेस करो, वरना कई बार गलत नंबर फीड करने की वजह से कार्ड मशीन में फँस जाता है। ए टी एम का इस्तेमाल करने के बाद कार्ड वापस लेना मत भूलो। दिक्कत होने पर बैंक कर्मचारी की मदद लो, कार्ड खो जाने पर बैंक को तत्काल इसकी सूचना दो।

**(i) ए टी एम का इस्तेमाल ________ निकालने के लिए किया जाता है।**
(क) मशीन (ख) पैसे (ग) कार्ड

**(ii) ए टी एम से पैसे निकालते समय क्या करना चाहिए ?**
(क) अपना पिन याद करके जाना चाहिए।
(ख) कार्ड घर में रखकर जाना चाहिए।
(ग) गलत नंबर फीड करना चाहिए।

**(iii) बार - बार गलत नंबर फीड करने से क्या होता है ?**
(क) मशीन से पैसे निकलते है (ख) कार्ड मशीन में फँस जाता है (ग) पुलिस आ जाती है

**(iv) गलत नंबर फीड करने पर कौन - सा बटन प्रेस करना चाहिए?**
(क) कैंसिल या नो ऑप्शन बटन (ख) कंट्रोल बटन (ग) शिफ्ट बटन

**(v) कार्ड खो जाने पर किसे सूचना देना चाहिए ?**
(क) मित्र को (ख) घरवालों को (ग) बैंक को

**2 एक जंगल में परिजात का एक पेड़ था। परिजात का कोई मुकाबला नहीं था। उसकी सुंदरता बेजोड़ थी। उसका रंग-रूप निराला था। परिजात को भी अपने गुणों का पूरा-पूरा पता था। नीले आसमान में सिर उठाए इस शान से खड़ा रहता, मानों पेड़ों का सरताज हो। जब बहार के दिन आते तो परिजात अनगिनत नन्हें-नन्हें फूलों से लद जाता, लगता मानों किसी ने आकाश से सारे तारे तोड़कर परिजात की शाखाओं पर टाँक दिए हो। नन्हें फूलों से झिलमिलाता परिजात जब सुगंध भरी पराग जंगल में बिखेरता तो जंगल नंदन बन जाता। चुंबक की तरह परिजात सबको अपनी तरफ़ खींचता, जिसे देखो, वही परिजात की तरफ़ भागता । सतरंगी शालें ओढ़े चटकीली तितलियाँ सहेलियों के साथ झुंड का झुंड बनाकर परिजात का श्रृंगार देखने आतीं तथा जाते-जाते फूलों को खींचकर ढेरों पराग अपने साथ ले जाती।**

प्रश्न

(क) जंगल में किसका पेड़ था?

(i) नीम

(ii) परिजात

(iii) पीपल

(iv) आम

(ख) परिजात अपने आप को स्वयं क्या समझता था?

(i) पेड़ों का सरताज

(ii) पेड़ों का दास

(iii) ईश्वर

(iv) इनमें से कोई नहीं

(ग) वह अनगिनत फूलों से कब लद जाता था?

(i) बहार में

(ii) पतझड़ में

(iii) वर्षा में

(iv) सरदी में

(घ) तितलियाँ क्या करती थीं?

(i) कुछ नहीं करती थीं

(ii) फूल ले जाती थीं

(iii) डालों पर गाना गाती थीं

(iv) उसके फूलों का पराग ले जाती थीं

(ङ) इस गद्यांश का शीर्षक है

(i) परिजात एक वृक्ष

(ii) परिजात पेड़ों का सरताज

(iii) परिजात जंगल का राजा

(iv) इनमें से कोई नहीं

1 उत्तर

1- पैसे

2- अपना पिन याद करके जाना चाहिए

3- कार्ड मशीन में फँस जाता है

**4 - कैंसिल या नो ऑप्शन बटन**

**5- बैंक को**

2 उत्तर-

(क) (ii) परिजात

(ख) (i) पेड़ों का सरताज

(ग) (i) बहार में

(घ) (i) उसके फूलों का पराग ले जाती थीं

(ङ) (ii)

==============================================================